भारत सरकार

ग्रामीण विकास मंत्रालय

ग्रामीण विकास विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1463

(28 जुलाई, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए)

मनरेगा के अंतर्गत लाभार्थी

1463. श्री करण भूषण सिंह:

क्या **ग्रामीण विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत रोजगार पाने वाले लाभार्थियों की जिला-वार, जाति-वार और लिंग-वार संख्या कितनी है;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत जिला-वार कुल कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(ग) क्या सरकार को उत्तर प्रदेश के किन्हीं जिलों में मजदूरी के भुगतान में देरी होने या जॉब कार्ड जारी करने के संबंध में कोई रिपोर्ट प्राप्त हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में मनरेगा के कार्यान्वयन में मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने तथा पारदर्शिता एवं जवाबदेही को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं?

उत्तर

ग्रामीण विकास राज्य मंत्री

(श्री कमलेश पासवान)

(क): उत्तर प्रदेश राज्य में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में जिन्हें रोजगार प्रदान किया गया ऐसे लाभार्थियों की ज़िला-वार, श्रेणी-वार तथा लिंग-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ख): महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत निधियों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार आवंटन नहीं किया जाता है। मंत्रालय द्वारा निधियाँ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जारी की जाती हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश भी शामिल है, और निधियाँ सीधे ज़िलों को जारी नहीं की जातीं। उत्तर प्रदेश को महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में जारी निधियों का ब्यौरा नीचे दिया गया है।

वित्तीय वर्ष	जारी निधि (रुपए करोड़ में)
2023-24	9844.25
2024-25	9721.48
2025-26	9437.47

(ग) और (घ): महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (महात्मा गांधी नरेगा योजना) के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान सीधे केंद्र सरकार द्वारा लाभार्थियों के खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) प्रोटोकॉल के माध्यम से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा तैयार निधि अंतरण आदेश (एफटीओ) के आधार पर किया जाता है। इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार, लाभार्थियों को मस्टर रोल बंद होने के 15 दिनों के भीतर मजदूरी प्राप्त करने का अधिकार है।

सरकार प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआईएस), नियमित समीक्षा बैठकों और अन्य उपयुक्त तंत्रों के माध्यम से महात्मा गांधी नरेगा योजना के कार्यान्वयन की सतत निगरानी करती है। जब भी मंत्रालय के संज्ञान में कार्यान्वयन संबंधी कोई विशेष मुद्दा आता है, उसे शीघ्रता से हल करने का प्रयास किया जाता है। यह भी उल्लेखनीय है कि महात्मा गांधी नरेगा योजना का कार्यान्वयन संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है, जो जॉब कार्ड जारी करने, सत्यापन, अद्यतन करने और निरस्त करने के लिए उत्तरदायी हैं। देशभर में एक निष्पक्ष, पारदर्शी और एक समान प्रक्रिया सुनिश्चित करने हेतु मंत्रालय ने दिनांक 25.01.2025 को विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की थी।

समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भारत सरकार ने सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को एक व्यापक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें मजदूरी भुगतान प्रक्रिया के प्रत्येक चरण अर्थात मस्टर रोल अपलोड करने से लेकर एफटीओ अनुमोदन तक के लिए निश्चित समय-सीमा निर्धारित की गई है। मंत्रालय राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ मिलकर मजदूरी के समय पर भुगतान में सुधार हेतु ठोस प्रयास कर रहा है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को समय पर भुगतान आदेश तैयार करने की सलाह दी गई है।

मंत्रालय द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न कदम उठाए गए हैं। इनमें शामिल हैं:

- राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि प्रबंधन प्रणाली (एनई-एफएमएस) में सुधार करना।
- राज्य सरकारों और अन्य हितधारकों के साथ गहन परामर्श करना ताकि समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित किया जा सके, तथा लंबित और विलंब वाले क्षतिपूर्ति दावों का सत्यापन करना।
- मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का निर्माण, जिससे समय पर भुगतान और विलंब के लिए क्षतिपूर्ति के भुगतान की निगरानी की जा सके।

- राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के साथ आवधिक बैठकों, कार्य निष्पादन समीक्षा समिति की बैठकों, मध्यावधि समीक्षाओं आदि के दौरान समय पर भुगतान और विलंब क्षतिपूर्ति की स्थिति की समीक्षा करना।

समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु मंत्रालय द्वारा विभिन्न तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रमुख हस्तक्षेपों में शामिल हैं:

- प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी): मजदूरी सीधे केंद्रीय खाते से श्रमिकों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाती है, जिससे मध्यस्थों की भूमिका न्यूनतम हो जाती है। यह प्रणाली पारदर्शिता बढ़ाने और लीकेज रोकने में प्रभावी सिद्ध हुई है। लगभग 100% निधियों का प्रबंधन इलेक्ट्रॉनिक रूप से किया जाता है और समस्त मजदूरी भुगतान पूर्णतः डीबीटी प्रोटोकॉल के माध्यम से होता है।
- आधार भुगतान ब्रिज प्रणाली (एबीपीएस): एबीपीएस में रूपांतरण एक प्रमुख सुधार प्रक्रिया है, जिसमें लाभ सीधे आधार आधारित श्रमिकों के बैंक खातों में जमा किए जाते हैं। यह प्रणाली अधिमानतः आधार आधारित भुगतान को प्रोत्साहित करती है, जिससे वितरण प्रक्रिया के कई स्तर समाप्त हो जाते हैं। एबीपीएस बेहतर लक्ष्यीकरण, प्रणाली की दक्षता बढ़ाने, भुगतान में विलंब कम करने और लीकेज रोकने में सहायक है, इससे अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।
- राष्ट्रीय मोबाइल मॉनिटरिंग प्रणाली (एनएमएमएस): कार्यस्थल पर जियो-टैग किए गए फोटोग्राफ के माध्यम से वास्तविक समय में उपस्थिति दर्ज की जाती है। इससे सटीक और समय पर उपस्थिति रिकॉर्ड करना सुनिश्चित होता है, जो मजदूरी के समय पर भुगतान में सहायक है।

इसके अलावा, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 (महात्मा गांधी नरेगा) की अनुसूची-II के प्रावधानों के अनुसार, यदि मस्टर रोल बंद होने के सोलहवें दिन के बाद भुगतान में विलंब होता है तो मजदूरी मांगने वालों को विलंब की स्थिति में अवैतनिक मजदूरी का 0.05% प्रति दिन की दर से क्षतिपूर्ति भुगतान प्राप्त करने का अधिकार है। विलंब क्षतिपूर्ति नियम संबंधित राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित किए जाते हैं। क्षतिपूर्ति की देय राशि का विधिवत सत्यापन और अनुमोदन किया जाता है तथा तत्पश्चात संबंधित राज्य सरकार द्वारा भुगतान किया जाता है।

अनुबंध

लोकसभा में दिनांक 28.07.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 1463 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

उत्तर प्रदेश राज्य में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत पिछले तीन वित्तीय वर्षों में रोजगार प्रदान किए गए लाभार्थियों की ज़िला-वार, श्रेणी-वार और जेंडर-वार संख्या							
क्र. सं.	जिला	2023-24					
		रोजगार प्रदत्त श्रमिकों की संख्या				लिंग-वार प्रदत्त रोजगार	
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य	कुल	महिलाओं की संख्या	पुरुषों की संख्या
1	आगरा	34427	495	81184	116106	45647	70459
2	अलीगढ़	23445	129	71208	94782	24859	69923
3	अंबेडकर नगर	41245	242	73618	115105	56140	58965
4	अमेठी	30436	3	75772	106211	44961	61250
5	अमरोहा	25655	40	69661	95356	25824	69532
6	औरैया	24987	204	33028	58219	16562	41657
7	अयोध्या	37766	141	60329	98236	47181	51055
8	आजमगढ़	72268	440	124656	197364	96114	101250
9	बागपत	720	1	1519	2240	710	1530
10	बहराइच	46231	1515	183481	231227	105926	125301
11	बलिया	22440	3827	83515	109782	53089	56693
12	बलरामपुर	31326	2301	91401	125028	50828	74200
13	बांदा	21390	6	87181	108577	54904	53673
14	बाराबंकी	76303	41	102885	179229	64222	115007
15	बरेली	28880	84	102844	131808	30682	101126
16	बस्ती	66190	13	184667	250870	125932	124938
17	बिजनौर	70529	670	93613	164812	52897	111915
18	बदायूं	18602	73	75898	94573	26219	68354
19	बुलंदशहर	4252	20	18829	23101	7159	15942
20	चंदौली	37761	725	90540	129026	51489	77537
21	चित्रकूट	30216	8	42061	72285	33866	38419
22	देवरिया	21757	3229	65940	90926	36941	53985
23	एटा	13354	22	55380	68756	23072	45684

24	इटावा	21521	83	38430	60034	17180	42854
25	फर्रुखाबाद	11895	1	40714	52610	13695	38915
26	फतेहपुर	39938	71	77884	117893	54977	62916
27	फिरोजाबाद	22303	101	62039	84443	32587	51856
28	गौतम बुद्ध नगर	125	9	256	390	80	310
29	गाजियाबाद	0	0	0	0	0	0
30	गाजीपुर	55615	2101	174978	232694	103978	128716
31	गोंडा	28324	110	85260	113694	51348	62346
32	गोरखपुर	46355	182	89946	136483	65119	71364
33	हमीरपुर	23152	25	90044	113221	49009	64212
34	हापुड़	3183	4	3541	6728	2698	4030
35	हरदोई	59695	251	123111	183057	52264	130793
36	हाथरस	13080	40	25970	39090	9473	29617
37	जालौन	60919	16	132715	193650	76987	116663
38	जौनपुर	80364	21	151127	231512	119092	112420
39	झांसी	34309	907	71637	106853	44835	62018
40	कन्नौज	22099	6	48417	70522	18086	52436
41	कानपुर देहात	26169	59	37248	63476	21677	41799
42	कानपुर नगर	16977	459	24831	42267	12976	29291
43	कासगंज	16491	58	56980	73529	18144	55385
44	कौशांबी	26979	54	34321	61354	29585	31769
45	खीरी	73889	3328	132801	210018	62453	147565
46	कुशीनगर	37997	1019	111738	150754	63038	87716
47	ललितपुर	31684	8306	88406	128396	58052	70344
48	लखनऊ	25576	124	14592	40292	13523	26769
49	महराजगंज	45828	1126	159011	205965	100252	105713
50	महोबा	9802	44	31866	41712	17410	24302
51	मैनपुरी	29307	193	80508	110008	37414	72594
52	मथुरा	22858	144	53392	76394	30712	45682
53	मऊ	40527	1531	72604	114662	58356	56306
54	मेरठ	8026	117	10442	18585	6773	11812
55	मिर्जापुर	52312	1260	67058	120630	59296	61334
56	मुरादाबाद	19319	73	70800	90192	25528	64664
57	मुजफ्फरनगर	6794	44	17352	24190	9113	15077

58	पीलीभीत	18480	276	91350	110106	31469	78637
59	प्रतापगढ़	50362	323	83786	134471	68728	65743
60	प्रयागराज	74496	65	96186	170747	83204	87543
61	रायबरेली	61102	65	62760	123927	55841	68086
62	रामपुर	22246	33	71653	93932	23293	70639
63	सहारनपुर	36746	158	34604	71508	30358	41150
64	संभल	21454	22	49866	71342	19432	51910
65	संत कबीर नगर	48957	120	98793	147870	80653	67217
66	संत रविदास नगर	17971	175	30460	48606	26112	22494
67	शाहजहांपुर	35423	49	86669	122141	32008	90133
68	शामली	1758	22	8616	10396	3389	7007
69	श्रावस्ती	17322	635	45882	63839	26354	37485
70	सिद्धार्थ नगर	53679	11	180080	233770	128478	105292
71	सीतापुर	107252	213	179400	286865	99038	187827
72	सोनभद्र	43361	42608	57984	143953	73990	69963
73	सुल्तानपुर	38511	314	115350	154175	77203	76972
74	उन्नाव	31894	109	59179	91182	32583	58599
75	वाराणसी	24064	456	45686	70206	35944	34262
	कुल	2498670	81750	5547533	8127953	3339011	4788942

वित्तीय वर्ष 2024-25

क्रम सं.	जिला	रोजगार प्रदत्त श्रमिकों की संख्या				जेंडर-वार प्रदत्त रोजगार	
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य	कुल	महिलाओं की संख्या	पुरुषों की संख्या
1	आगरा	30612	436	73868	104916	42441	62475
2	अलीगढ़	20392	121	63672	84185	24830	59355
3	अंबेडकर नगर	37819	220	64830	102869	51395	51474
4	अमेठी	25695	12	61581	87288	36863	50425
5	अमरोहा	23865	57	65512	89434	25130	64304
6	औरैया	30355	270	45224	75849	24529	51320
7	अयोध्या	37864	140	56899	94903	46627	48276
8	आजमगढ़	79043	524	136117	215684	105444	110240
9	बागपत	514	2	1191	1707	625	1082

10	बहराइच	42626	1619	179543	223788	105910	117878
11	बलिया	20849	3321	70551	94721	43899	50822
12	बलरामपुर	24953	1806	72560	99319	42522	56797
13	बांदा	17478	30	67212	84720	42867	41853
14	बाराबंकी	70968	90	93718	164776	58670	106106
15	बरेली	26204	90	94671	120965	26993	93972
16	बस्ती	63286	42	177530	240858	124148	116710
17	बिजनौर	67397	762	90473	158632	53366	105266
18	बदायूं	18561	102	79982	98645	26385	72260
19	बुलंदशहर	4416	17	16906	21339	7282	14057
20	चंदौली	38034	817	103180	142031	58022	84009
21	चित्रकूट	25193	14	33510	58717	28372	30345
22	देवरिया	20178	3046	62102	85326	35483	49843
23	एटा	11449	36	48572	60057	20342	39715
24	इटावा	18819	64	34344	53227	16125	37102
25	फर्रुखाबाद	11273	4	34494	45771	11834	33937
26	फतेहपुर	31301	66	60914	92281	42981	49300
27	फिरोजाबाद	21547	117	64777	86441	35935	50506
28	गौतम बुद्ध नगर	0	0	0	0	0	0
29	गाजियाबाद	0	0	4	4	2	2
30	गाजीपुर	50961	1951	162637	215549	98250	117299
31	गोंडा	25672	155	78262	104089	45764	58325
32	गोरखपुर	50251	196	97052	147499	72891	74608
33	हमीरपुर	23646	54	89371	113071	48949	64122
34	हापुड़	2888	2	3134	6024	2470	3554
35	हरदोई	61216	236	129363	190815	67647	123168
36	हाथरस	11509	27	22805	34341	9307	25034
37	जालौन	54089	60	124598	178747	70924	107823
38	जौनपुर	72853	18	138397	211268	110402	100866
39	झांसी	28765	757	60706	90228	37429	52799
40	कन्नौज	21599	21	46754	68374	22207	46167
41	कानपुर देहात	23195	60	33731	56986	19537	37449
42	कानपुर नगर	12975	320	18095	31390	9731	21659
43	कासगंज	13937	53	48125	62115	15246	46869

44	कौशांबी	22751	45	29039	51835	25775	26060
45	खीरी	71236	2635	118705	192576	58764	133812
46	कुशीनगर	34545	1031	105720	141296	60381	80915
47	ललितपुर	31064	6960	84854	122878	55731	67147
48	लखनऊ	18604	90	9271	27965	9086	18879
49	महराजगंज	44693	1016	155033	200742	101619	99123
50	महोबा	9197	42	28502	37741	15363	22378
51	मैनपुरी	27244	203	76817	104264	36213	68051
52	मथुरा	22004	149	52653	74806	31151	43655
53	मऊ	37185	1429	66280	104894	53918	50976
54	मेरठ	7350	117	9017	16484	6366	10118
55	मिर्जापुर	49921	1258	59896	111075	56116	54959
56	मुरादाबाद	18895	76	74927	93898	29024	64874
57	मुजफ्फरनगर	5836	33	16063	21932	8415	13517
58	पीलीभीत	19396	330	90022	109748	28257	81491
59	प्रतापगढ़	48077	286	80200	128563	65616	62947
60	प्रयागराज	73526	85	81212	154823	74015	80808
61	रायबरेली	55902	64	46350	102316	47317	54999
62	रामपुर	21972	41	75598	97611	27619	69992
63	सहारनपुर	32448	152	33109	65709	29327	36382
64	संभल	20985	34	49030	70049	19836	50213
65	संत कबीर नगर	43189	112	89244	132545	72760	59785
66	संत रविदास नगर	18532	153	28094	46779	24905	21874
67	शाहजहांपुर	33519	35	85704	119258	28986	90272
68	शामली	1675	13	9466	11154	3925	7229
69	श्रावस्ती	17119	477	46392	63988	27129	36859
70	सिद्धार्थ नगर	49088	10	161217	210315	118426	91889
71	सीतापुर	94234	215	149549	243998	82140	161858
72	सोनभद्र	37674	41289	50980	129943	68672	61271
73	सुल्तानपुर	37949	347	115272	153568	77698	75870
74	उन्नाव	30104	162	52706	82972	29667	53305
75	वाराणसी	21455	380	35906	57741	30473	27268
	कुल	2331616	77004	5173795	7582415	3174466	4407949

क्र. सं.	जिला	वित्तीय वर्ष 2025-26					
		रोजगार प्रदत्त श्रमिकों की संख्या				लिंग-वार प्रदत्त रोजगार	
		अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य	कुल	महिलाओं की संख्या	पुरुषों की संख्या
1	आगरा	28655	430	68373	97458	40323	57135
2	अलीगढ़	16917	90	52073	69080	21284	47796
3	अंबेडकर नगर	32407	166	49839	82412	41942	40470
4	अमेठी	18068	14	39347	57429	22912	34517
5	अमरोहा	19799	49	50658	70506	20255	50251
6	औरैया	27221	233	43471	70925	23854	47071
7	अयोध्या	32871	132	48261	81264	40934	40330
8	आजमगढ़	64289	377	105596	170262	82232	88030
9	बागपत	316	0	625	941	357	584
10	बहराइच	34986	1425	137452	173863	80539	93324
11	बलिया	20991	3159	66798	90948	41469	49479
12	बलरामपुर	19635	1391	53879	74905	31631	43274
13	बांदा	14351	16	42842	57209	26277	30932
14	बाराबंकी	54358	83	69884	124325	43704	80621
15	बरेली	20309	69	71638	92016	18303	73713
16	बस्ती	49584	33	133741	183358	96856	86502
17	बिजनौर	61589	494	80512	142595	50399	92196
18	बदायूं	12721	57	54330	67108	12915	54193
19	बुलंदशहर	4111	39	16744	20894	7583	13311
20	चंदौली	40676	854	115496	157026	65627	91399
21	चित्रकूट	16845	14	22623	39482	19823	19659
22	देवरिया	17679	2669	52265	72613	30766	41847
23	एटा	9913	33	42345	52291	17793	34498
24	इटावा	16174	45	28125	44344	13555	30789
25	फर्रुखाबाद	8855	5	27542	36402	9253	27149
26	फतेहपुर	21525	43	34929	56497	22641	33856
27	फिरोजाबाद	20844	119	62611	83574	35115	48459
28	गौतम बुद्ध नगर	0	0	0	0	0	0
29	गाजियाबाद	3	0	15	18	14	4

30	गाजीपुर	47985	1685	143426	193096	90328	102768
31	गोंडा	22097	133	62920	85150	35924	49226
32	गोरखपुर	45529	193	85323	131045	66089	64956
33	हमीरपुर	21278	66	79628	100972	44014	56958
34	हापुड़	2693	2	2760	5455	2311	3144
35	हरदोई	50575	194	103106	153875	53925	99950
36	हाथरस	10015	30	19903	29948	7695	22253
37	जालौन	45652	72	107055	152779	61373	91406
38	जौनपुर	58728	13	109879	168620	86941	81679
39	झांसी	25188	625	49348	75161	31781	43380
40	कन्नौज	17639	15	39150	56804	17796	39008
41	कानपुर देहात	15576	38	22046	37660	12065	25595
42	कानपुर नगर	8560	185	12426	21171	6416	14755
43	कासगंज	12281	49	41851	54181	12813	41368
44	कौशांबी	19647	31	20169	39847	20512	19335
45	खीरी	61051	1758	92470	155279	45696	109583
46	कुशीनगर	31413	1029	92287	124729	53948	70781
47	ललितपुर	29691	6946	77869	114506	53012	61494
48	लखनऊ	13153	65	5902	19120	6213	12907
49	महराजगंज	36569	776	125515	162860	87219	75641
50	महोबा	8364	36	23245	31645	13255	18390
51	मैनपुरी	26590	194	74350	101134	34610	66524
52	मथुरा	19945	128	48353	68426	29073	39353
53	मऊ	35654	1292	60140	97086	51023	46063
54	मेरठ	6110	94	7209	13413	5027	8386
55	मिर्जापुर	36506	948	42569	80023	42591	37432
56	मुरादाबाद	16034	55	63623	79712	23653	56059
57	मुजफ्फरनगर	3926	33	10995	14954	5976	8978
58	पीलीभीत	15957	333	69206	85496	18720	66776
59	प्रतापगढ़	35421	220	56543	92184	47886	44298
60	प्रयागराज	57438	55	58134	115627	55565	60062
61	रायबरेली	43434	48	32969	76451	36402	40049
62	रामपुर	19794	51	70187	90032	25601	64431
63	सहारनपुर	30369	158	29925	60452	27698	32754

64	संभल	14625	26	33888	48539	12406	36133
65	संत कबीर नगर	34680	115	71667	106462	58996	47466
66	संत रविदास नगर	14246	101	20400	34747	18474	16273
67	शाहजहांपुर	30069	45	75025	105139	22577	82562
68	शामली	1243	28	7253	8524	2947	5577
69	श्रावस्ती	14050	438	38637	53125	23145	29980
70	सिद्धार्थ नगर	41824	13	135029	176866	101947	74919
71	सीतापुर	79517	235	118621	198373	64607	133766
72	सोनभद्र	28802	32644	38871	100317	55422	44895
73	सुल्तानपुर	32425	286	95611	128322	62901	65421
74	उन्नाव	24751	166	43535	68452	24771	43681
75	वाराणसी	16984	281	27486	44751	24067	20684
	कुल	1949770	63967	4218518	6232255	2603767	3628488

*****